Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker, on behalf of the House, congratulated Indian Under–19 Cricket Team for winning ICC Under-19 Cricket World Cup.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने 5 फरवरी, 2022 को वेस्टइंडीज में आयोजित आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप को रिकार्ड पांचवीं बार जीत कर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है ।

हमारे युवा खिलाड़ियों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा, अद्‌भुत कौशल, दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम तथा उत्कृष्ट समर्पण के बल पर कोरोना वैश्विक महामारी की चुनौतियों को पार करते हुए यह असाधारण सफलता हासिल की है । उनकी इस विजय से निश्चित रूप से अन्य खिलाड़ियों तथा देश के करोड़ों युवाओं को प्रेरणा मिलेगी ।

मैं सदन की ओर से तथा अपनी ओर से अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम को, उनके कोचिंग एवं अन्य स्टाफ को इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं । हम इस युवा टीम को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी देते हैं और यह आशा करते हैं कि वह अपनी उपलब्धियों से देश को इसी प्रकार से गौरवान्वित करेंगे ।